राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
नई दिल्ली
बुधवार • 7 मार्च • 2018
16+4 (आधी दुनिया) पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

दसवीं की बोर्ड परीक्षा में हिन्दी का पर्चा रहा आसान

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की शुरुआत भी खुशनुमा रही। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की अतिरिक्त विषयों की परीक्षा हुई थी, वहीं दूसरे मुख्य विषयों में से पहला पेपर हिंदी का हुआ जोकि बेहद आसान और सीधे सपाट सवालों वाला था।

इससे पहले सोमवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का पहला पेपर अंग्रेजी का हुआ था जोकि बेहद आसान था। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की हिंदी शिक्षिका मनीषा ने बताया कि हिन्दी का पेपर बीते साल की तुलना में आसान था। व्यावहारिक खंड व काव्य खंड काफी सरल थे। केवल गद्य खंड में कुछ प्रश्न अप्रत्यक्ष तरीके पर पूछे गये थे। पेपर में महानगरीय जीवन और पर्वों को लेकर निबंध आया था। पेपर में हस्तकला और पर्यावरण संबंधी विज्ञापन बनाने को लेकर भी प्रश्न पूछा गया था। कुल पेपर 80 अंकों का था। माउंट आबू पब्लिक स्कूल रोहिणी सेक्टर-5 में हिंदी अध्यापिका सुमति शर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र का पठन और व्याकरण भाग बच्चों के स्तर के अनुरूप था। वहीं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखने को कहे गये थे, जिससे कि छात्रों को इन प्रश्नों का जवाब लिखने में काफी समय लगा। शर्मा ने कहा कि कुल मिलाकर पेपर बच्चों के स्तर के अनुसार सामान्य था और सेटों के आधार पर सभी प्रश्न समान रूप से दिये गये थे। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल प्रीत विहार परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने वाली छात्रा रिया श्रीवास्तव ने बताया कि जो तैयारी कराई गई थी, उसी में से प्रश्न पूछे गये थे। इसके साथ ही परीक्षार्थी यश, अमन और समय सहगल आदि ने भी कहा कि पेपर आसान आया था।